# निगम ने आश्रय निधि के लिए बहुमंजिला इमारतों के प्रमाण पत्र रोके

▶ राज्य शासन ने बहुमंजिला इमारतों को माना कॉलोनाइजेशन का हिस्सा




नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम भवन अनुज्ञा शाखा ने कॉलोनी सेल की आश्रय निधि के लिए बहुमंजिला इमारतों के प्रमाण पत्र रोक दिए है. साथ ही आश्रय निधि जमा नहीं करने तक मौके पर निर्माण कार्य रोकने के निर्देश दिए हैं. बताया जा रहा है कि शहर करीब 3 सौ नोटिस नगर निगम ने दिए है, जिसमें से 90 प्रतिशत बहुमंजिला इमारतों को प्रमाण पत्र लेना बाकी है.**

राज्य शासन ने नगर पालिका अधिनियम 1956 के तहत कॉलिनी विकास नियम 2021 के प्रचलित नियमों के तहत भूमि/ भूखंडों पर विकास अनुमति / एनओसी के लिए कॉलोनी सेल विभाग को आश्रय निधि वसूलने का अधिकार दिया है. भवन अनुज्ञा शाखा ने निगम सीमा में जनवरी 2022 के बाद स्वीकृत नक्शों के आधार पर सभी बहुमंजिला इमारतों को नोटिस जारी कर कॉलोनी सेल की आश्रय निधि जमा करने के निर्देश दिए गए हैं. मामला राजस्व आय से जुड़ा होने के कारण निगम ने हाईकोर्ट में केविएट भी लगा दी है. इसके तहत नगर निगम को वर्तमान गाइड लाइन का 6 प्रतिशत से राजस्व आय अर्जित करने में मदद मिलेगी. राजस्व आय के लिए करीब 3 सौ बहुमंजिला इमारतों में से लगभग 270 इमारतों को कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र जारी होना बाकी है. उक्त सभी इमारतों के प्रमाण पत्र आश्रय निधि जमा करने तक रोक लगा दी गई है. नगर निगम के कॉलोनी सेल विभाग को आश्रय निधि से 250 से 300 करोड़ रुपए की राजस्व आय होने की संभावना है.

### एनओसी लेना जरूरी

नगर निगम के मुख्य भवन अधिकारी सत्येंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि कॉलोनी सेल की आश्रय निधि जमा करके एनओसी लेना जरूरी है. इसके बाद ही भवन पूर्णता प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे. इसके लिए सभी झोन के भवन अधिकारियों को निर्देश दिए गए है.

# डाटा फार्म, आश्रय निधि और नामांतरण घोटाले को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने उठाए सवाल

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम द्वारा पुराने शहर में सड़क चौड़ीकरण के बाद डाटा फार्म के नाम पर नक्शे स्वीकृत नहीं करना, जनता के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है. नामांतरण घोटाले पर पर्दा डालने और शासन द्वारा 2021 में कॉलोनी अधिनियम में संशोधन करने के बाद 5 साल बाद लागू करने पर कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष ने महापौर और आयुक्त की कार्य शैली पर सवाल उठाए हैं.**



नगर निगम में कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट भाटिया ने आज पत्रकारों से चर्चा की. सोनिला मिमरोट ने पुराने शहर में एडम नागरिकों के सड़क चौड़ीकरण में तोड़े गये मकानों के नक्शे स्वीकृत नहीं करने को लेकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव और आयुक्त क्षितिज सिंघल से सवाल किया. उन्होंने कहा कि डाटा फार्म के नाम पर निगम जनता के नक्शे मंजूर नहीं कर रहा है. पिछले एक साल में डाटा फार्म से नक्शे स्वीकृत करने की बात कही जा रही है, लेकिन आज तक डाटा फार्म से नक्शे स्वीकृत होना शुरू नहीं हुए है.

नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट भाटिया ने महापौर और आयुक्त पर नामांतरण घोटाले पर पर्दा डालने का आरोप लगाया. दोषियों को बचाने में निगम प्रशासन जुटा हुआ है. वहीं नेता प्रतिपक्ष सोनिला ने कहा कि पांच वर्ष बाद नगर निगम 2021 के कॉलोनी अधिनियम में संशोधन करने को लेकर आज जागा है. आज आश्रय निधि को लेकर उसका पालन करवाने की 2026 में याद आई?उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम ने शहर में उक्त संशोधन का समय पर पालन किया होता तो बहुमंजिला इमारतों में बीपीएल और ईडब्ल्यूएस वर्ग के गरीब परिवारों को आवास मिल सकते थे. उन्होंने भवन अनुज्ञा शाखा पर गरीबों के आवास अधिकारों की अनदेखी का आरोप लगाया. नेता प्रतिपक्ष ने उपरोक्त मुद्दों को लेकर आयुक्त से भवन अनुज्ञा शाखा, नामांतरण घोटाले और गरीबों के आवास अनदेखी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है.

# कांग्रेस की युवा स्वाभिमान यात्रा आज

▶ सुबह यूनिवर्सिटी से शुरू होगी

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** नीट पेपर लीक और भर्ती परीक्षाओं में घोटाले को लेकर कांग्रेस की युवा ब्रिगेड 'छात्रों की गूंज' के साथ युवा स्वाभिमान यात्रा निकलेगी. युवा स्वाभिमान यात्रा आज सुबह आरएनटी मार्ग यूनिवर्सिटी इंदौर से शुरू होकर कल भोपाल पहुंचेगी. यात्रा का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष,युवक कांग्रेस और भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष साइकिल से भोपाल तक यात्रा करेंगे.

कांग्रेस के अनुसार नीट पेपर लीक और भर्ती परीक्षाओं में घोटालों में डेढ़ के करीब 5 करोड़ युवाओं के भविष्य से साथ खिलवाड़ हो गया. नीट पेपर लीक होने से 20 से ज्यादा छात्र छात्राओं द्वारा आत्महत्या करने, शिक्षा प्रणाली में सुधार और युवाओं के बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर छात्र हित, युवाओं में बढ़ती नशे की लत और युवाओं की उपेक्षा को लेकर कांग्रेस आज से साइकिल यात्रा निकाल रही है. 'छात्रों की गूंज' अभियान के तहत युवा स्वाभिमान यात्रा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, युवक कांग्रेस अध्यक्ष यश घनघोरिया और एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के नेतृत्व में आज सुबह आरएनटी मार्ग यूनिवर्सिटी गेट से शुरू होगी.

यात्रा में छात्र छात्राओं के साथ कांग्रेस नेता साइकिल से भोपाल तक साथ चलेंगे. शहर में आरएनटी मार्ग यूनिवर्सिटी गेट से साइकिल यात्रा शुरू होकर भोपाल तक जाएगी. इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष यूनिवर्सिटी से मांगलिया ओर मांगलिया से शिप्रा तक जिला कांग्रेस अध्यक्ष युवा स्वाभिमान यात्रा की कमान संभालेंगे. इसके बाद देवास, सोनकच्छ, आष्टा, सिहोर और भोपाल के कांग्रेसी यात्रा की कमान संभालेंगे.

# जोन-17 में मास्टर प्लान सड़कें, अमृत योजना, ड्रेनेज कार्यों की ली जानकारी

▶ महापौर ने शुरू की जोनवार समीक्षा

▶ चार दिनों तक सभी जोनों में होगी समीक्षा बैठक



नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर के विकास कार्यों को लेकर वस्तु स्थिति और आगामी कार्यों की रूपरेखा तैयार करने को लेकर आज से महापौर ने जोनवार समीक्षा शुरू की. इसके तहत पार्षदों और अधिकारियों से क्षेत्र एवं वार्ड की समस्याओं पर चर्चा होगी. महापौर अगले चार दिन तक शहर के सभी जोन कार्यालयों पर विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे.**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने नगर निगम विकास कार्यों की जोनवार समीक्षा बैठकों का सिलसिला शुरू किया है. आज विधानसभा दो के जोन-17 से इसकी शुरुआत करते हुए महापौर ने विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की. महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर योजना में समय-सीमा में काम पूरा हो और गुणवत्ता से समझौता न किया जाए. महापौर ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में निर्माणाधीन मास्टर प्लान सड़क लगभग पूर्णता की ओर है, जिसका अगले महीने लोकार्पण किया जाएगा. बैठक में स्थानीय पार्षद सोनाली परमार, संध्या जायसवाल, नगर निगम के जोन अधिकारी, अपर आयुक्त मनोज पाठक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे ।

### सभी जोनों की क्रमवार समीक्षा

महापौर भार्गव ने बताया कि सभी जोनों की क्रमवार समीक्षा की जाएगी. प्रत्येक जोन में अब तक किए विकास कार्यों और योजनाओं पर संबंधित पार्षदों, जोन अध्यक्षों तथा अधिकारियों से चर्चा होगी. अगले चार दिनों में दिनांक-13, 14, 15 और 16 तक सभी ज़ोन पर समीक्षा बैठकें होंगी.

# हाईकोर्ट ने जारी किए न्यायिक अधिकारियों के तबादले

▶ इंदौर को मिले नए प्रशासनिक अधिकारी

नव भारत न्यूज

इंदौर. मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य की जिला न्यायिक संस्थाओं में पदस्थ प्रशासनिक अधिकारियों, उप प्रशासनिक अधिकारियों और वरिष्ठ निजी सहायकों के तबादला आदेश जारी कर दिए. जारी सूची के अनुसार नर्मदापुरम में पदस्थ प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार गोयल का तबादला इंदौर किया है. वहीं सागर, विदिशा, शहडोल, भिंड सहित अन्य जिलों के अधिकारियों के भी तबादले किए हैं.

हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की ओर से जारी आदेश के मुताबिक प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उप प्रशासनिक अधिकारियों एवं वरिष्ठ निजी सहायकों के भी स्थानांतरण किए हैं. इसके अलावा कुछ अधिकारियों के स्वैच्छिक स्थानांतरण आवेदन स्वीकार किए, जबकि कुछ आवेदन निरस्त कर दिए हैं. सभी अधिकारियों को नवीन पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं.

## एक नजर में

### एलजी ने रोबोटिक्स बिजनेस सेंटर की स्थापना की

इंदौर. एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स (एलजी) रोबोटिक्स के व्यावसायीकरण का समर्थन करने के लिए आवश्यक मुख्य क्षमताओं को मजबूत करने के लिए एक रोबोटिक्स बिजनेस सेंटर स्थापित कर रहा है, जिसमें व्यवसाय विकास से लेकर आपूर्ति श्रृंखला और विनिर्माण संचालन तक शामिल हैं. सीधे सीईओ ल्यू जे-चेओल को रिपोर्ट करने वाला यह नया संगठन, कंपनी के भविष्य के प्रमुख व्यवसायों में से एक के रूप में रोबोटिक्स में विकास को गति देने की एलजी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है. 1 जुलाई, 2026 से प्रभावी, रोबोटिक्स बिजनेस सेंटर का गठन एलजी के ऑफ-साइकिल संगठनात्मक पुनर्गठन के हिस्से के रूप में किया जाएगा. रोबोटिक्स बिजनेस सेंटर सॉन्ग सी-योंग के नेतृत्व में व्यापार विकास, बिक्री और संचालन को कवर करने वाले एक एंड-टू-एंड व्यावसायिक संगठन के रूप में काम करेगा. सॉन्ग ने इससे पहले एलजी के प्रोडक्शन इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट में प्रमुख नेतृत्व की भूमिकाएँ निभाई हैं. नया रोबोटिक्स बिजनेस सेंटर एक समर्पित डेटा फैक्ट्री संगठन भी लॉन्च करेगा.

### 10वां संस्करण बना अब तक का सबसे तेज प्राइम डे!

इंदौर. अमेज़न इंडिया ने आज घोषणा की कि उसका 10वां प्राइम डे संस्करण अब तक का सबसे तेज़ प्राइम डे था, जिसमें अमेज़न नाउ वाले शहरों में डील पर मौजूद हर दो सामानों में से एक सामान महज कुछ मिनटों में डिलीवर कर दिया गया. प्रीमियम इलेक्ट्रॉनिक्स और ब्यूटी से लेकर रोज़मर्रा की ज़रूरी चीज़ों तक की श्रेणियों में, ग्राहकों ने अल्ट्राफास्ट डिलीवरी का आनंद लिया, जिसमें उसी दिन होने वाली डिलीवरी में 3 गुना से अधिक का उछाल आया और यह होशियारपुर, उज्जैन और धारवाड़ जैसे टियर 2 और 3 शहरों तक पहुंची. अक्षय साही, वाइस प्रेसिडेंट प्राइम एंड कस्टमर फुलफिलमेंट एक्सपीरियंस, इंडिया एंड इमर्जिंग कंट्रीज, अमेज़न ने कहा हम अपने ग्राहकों को बड़ी बचत करने में मदद करना पसंद करते हैं, और प्राइम डे वैल्यू, तेज़ डिलीवरी, बेहतरीन डील्स, नए लॉन्च और ब्लॉकबस्टर मनोरंजन का अंतिम उत्सव है जो प्राइम मेंबरशिप प्रदान करती है. और प्राइम डे का 10वां संस्करण एक ऐसा मील का पत्थर है जिसे मनाने में हमें देश भर के अपने सेलर्स, पार्टनर्स और लाखों ग्राहकों के साथ गर्व महसूस हो रहा है. यह हमारा अब तक का सबसे तेज़ प्राइम डे था, जहां अमेज़न नाउ वाले शहरों में, डील पर मौजूद हर दो में से एक सामान महज कुछ मिनटों में डिलीवर किया गया.

### टीकेएम ने समग्र सामुदायिक विकास को बढ़ावा दिया

इंदौर. टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने उत्तराखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य, सामुदायिक कल्याण और आजीविका से जुड़े कई सामुदायिक विकास पहलों की सफल पूर्णता की घोषणा की. ये हस्तक्षेप राज्य सरकार के साथ किए गए एक व्यापक समझौता ज्ञापन (एमओयू) का हिस्सा हैं, जिसके तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 से उधम सिंह नगर जिले के खटीमा और नैनीताल जिले के हल्द्वानी में समग्र सीएसआर कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं. उत्तराखंड में सीएसआई डायलॉग 2026 के दौरान एक औपचारिक हस्तांतरण समारोह आयोजित किया गया. इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तराखंड सरकार; कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी; विधायक खजान दास; विक्रम गुलाटी, एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट कॉर्पोरेट अफेयर्स एवं गवर्नेंस, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर, सहित टीकेएम के अन्य वरिष्ठ नेतृत्व उपस्थित रहे. श्री गुलाटी ने कहा, सतत समुदाय शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका के अवसरों से बनते हैं. टोयोटा में, ये विकास के आपस में जुड़े स्तंभ हैं जिन्हें हम अपनी सभी पहलों में प्राथमिकता देते हैं. उत्तराखंड में हमारा काम दीर्घकालिक सामाजिक अवसंरचना बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है जो बच्चों को सशक्त बनाए, महिलाओं का सहयोग करे और सामुदायिक कल्याण को बेहतर बनाए.

### सैमसंग के एआई वॉशर ड्रायर से कपड़े धोना व सुखाना आसान

इंदौर. भारत में मानसून गर्मी से राहत तो देता है, लेकिन कपड़े धोने और सुखाने की परेशानी भी बढ़ा देता है. ऐसे मौसम में सैमसंग बीस्पोक एआई वॉशर ड्रायर कपड़ों की धुलाई और सुखाने की प्रक्रिया को आसान बनाता है, ताकि मौसम चाहे जैसा भी हो, कपड़े साफ, ताजा और पहनने के लिए तैयार रहें. सैमसंग बीस्पोक एआई वॉशर ड्रायर सीरीज को अलग-अलग परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है. इसमें स्मार्टथिंग्स ऐप की सुविधा भी दी गई है, जिसके जरिए उपयोगकर्ता कहीं से भी अपने वॉशिंग मशीन को मॉनिटर कर सकते हैं और उसे नियंत्रित कर सकते हैं. इससे कपड़ों की धुलाई पहले से अधिक आसान और सुविधाजनक हो जाती है. सीरीज के सभी मॉडलों में एआई आधारित सेंसिंग तकनीक दी गई है, जो कपड़ों के प्रकार और मात्रा के अनुसार धुलाई की सेटिंग अपने आप तय करती है. इससे अलग-अलग तरह के कपड़ों की बेहतर धुलाई और ड्रायिंग सुनिश्चित होती है। वहीं, सुपरस्पीड फीचर की मदद से कपड़े केवल 39 मिनट में धुल जाते हैं, जबकि एआई एनर्जी मोड बिजली की खपत को 70% तक कम करने में मदद करता है. रोजमर्रा के कपड़े हों या एक साथ ज्यादा कपड़ों की धुलाई, सैमसंग बीस्पोक एआई वॉशर ड्रायर सीरीज हर जरूरत के लिए तेज, सुविधाजनक और प्रभावी समाधान उपलब्ध कराती है.

# सान्वी ने इंटर स्कूल 6 रेड स्नूकर टूर्नामेंट जीता



इंदौर। नेहरू स्टेडियम स्थित बिलियर्ड्स एकेडमी में आयोजित इंटर स्कूल 6 रेड स्नूकर टूर्नामेंट में बालिका वर्ग का खिताब सान्वी जैन ने अपने नाम किया।

सेमीफाइनल मैच में शिशुकुंज स्कूल की सान्वी जैन ने अपने स्कूल की ही अनिका माहेश्वरी को 2-0 (75-16, 50-9) से हराया। सान्वी जैन सत्यसाई विद्या विहार की समाइरा वर्मा को 2-0 (47-17, 30-17) से हराकर चैंपियन बनी। बालक वर्ग के प्रथम दौर के मुकाबलों में

अदनान एम ने धार्य चंडक को 2-0 से, रोहन रोचवानी ने वेदांत बजाज को 2-0 से, आदित्य रोचवानी ने विहान दम्मानी को 2-0 से, मुफद्दल बी ने कार्तिक पालीवाल को 2-0 से हराया।

# बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा ही उनके उज्जवल भविष्य की मजबूत नींव

▶ कनकेश्वरी ग्रेस किड्स एकेडमी प्ले स्कूल का शुभारंभ



**इंदौर नंदानगर रोड नंबर-4 स्थित कनकेश्वरी ग्रेस किड्स एकेडमी प्ले स्कूल का शुभारंभ सोमवार को गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ. कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, समाजसेवी श्रीमती पुनीता नेहरू एवं क्षेत्रीय विधायक रमेश मेंदोला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.**

पार्षद प्रतिनिधि शरद पवार ने बताया कि अतिथियों ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर विद्यालय का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय का अवलोकन कर आधुनिक शिक्षण सुविधाओं, आकर्षक कक्षाओं एवं बच्चों के अनुकूल वातावरण की सराहना की. मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा ही उनके उज्वल भविष्य की मजबूत नींव होती है. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अच्छे संस्कार बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. वहीं श्रीमती पुनीता नेहरू ने कहा कि ऐसे संस्थान बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सामाजिक मूल्यों का विकास करते हैं. विधायक रमेश मेंदोला ने विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इंदौर शिक्षा के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है और ऐसे संस्थान इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे.

# शहर के भव्य का आयरलैंड में दमदार पंच

▶ सिल्वर मेडल पर जमाया कब्जा



इंदौर. शहर के किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले 18 वर्षीय भव्य प्रताप चौधरी ने आयरलैंड में सम्पन्न हुई अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता. भव्य प्रताप ने 75 किलोग्राम (मिडिलवेट कैटेगरी) में सिल्वर मेडल अपने नाम कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शहर का नाम रोशन किया. फाइनल में भव्य को आयरलैंड के बॉक्सर से हार का सामना करना पड़ा.आयरलैंड के मांक्सटाउन में खेली गई मांक्सटाउन इंटरनेशनल बॉक्स कप में बॉक्सर भव्य ने शानदार बॉक्सिंग का प्रदर्शन करते हुए बड़े बड़े देशों के बॉक्सर को हराकर मेडल जीता. भव्य के कोच नर्मदा कश्यप ने बताया कि भव्य 15 जुलाई को इंदौर आएँगे. फाइनल में उन्हें आयरलैंड के बॉक्सर से हार मिली. 8 साल की उम्र से भव्य प्रताप उनसे नेहरू स्टेडियम बॉक्सिंग एकेडमी में कोचिंग ले रहे है. उनके बॉक्सिंग करियर की शुरुआत कमाल की रही है, जिसमें स्कूल, नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर मेडल जीतना शामिल है. देश को इंदौर से बॉक्सिंग का नया स्टार मिल सकता है जों ओलम्पिक में देश के लिए मेडल जीते. भव्य के दादा घनश्याम चौधरी ने बताया कि परिवार बिजलपुर में किसान है. आर्थिक रूप से मजबूत होने के बाद भी पोते भव्य की बॉक्सिंग करियर की शुरुआत संघर्ष भरी हुई. कोचिंग व चैंपियनशिप खेलने के लिए स्कूल से सपोर्ट नहीं मिला. रोजाना सुबह 5 बजे कोचिंग के लिए बिजलपुर से नेहरू स्टेडियम आना और फिर स्कूल, पढ़ाई व ट्यूशन के लिए टाइम निकालकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतना बड़ी बात है. इस साल उसने 12वीं पास की है. उसके टैलेंट को देखकर अक्टूबर में जेएसडब्लूयु एकेडमी ने उसे बैंगलोर बुला लिया था. बैंगलोर स्थित जेएसडब्ल्यू एकेडमी में उसकी कोचिंग चल रही है.

### भव्य का प्रदर्शन

- 2022 में नेशनल लेवल पर ब्रांज मेडल जीता
- 2025 में नेशनल में गोल्ड जीता
- 2025 एसजीएफआई में गोल्ड जीता
- सीबीएसई गेम्स में गोल्ड जीता

# एमपी स्टेट सीनियर महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में नीमच बना चैंपियन



इंदौर। मध्यप्रदेश स्टेट बास्केटबॉल संघ द्वारा बास्केटबॉल बॉल में आयोजित एमपी सीनियर (महिला) बास्केटबॉल चैंपियनशिप में नीमच की टीम बीएफआई को हराकर चैंपियन बनी। दूसरे दिन खेले गए रोमांचक फाईनल मैच में नीमच की टीम ने बीएफआई एकेडमी को मात्र 3 अंकों से पराजित किया। मैच के मध्यान्तर तक बीएफआई एकेडमी ने नीमच पर 2 अंको की बढ़त बनाई हुई थी। चैंपियन नीमच की ओर से खुशी पाल ने 39 एंव सुनिता ने 27 अंक बनाये जबकि रनरअप बीएफआई एकेडमी से श्वेता सिंह ने 25 एंव लक्षिता चौहान ने 23 अंकों का योगदान दिया। सत्र के मुख्य अतिथि बास्केटबॉल के पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी एंव क्राईम ब्रान्च में टीआई तारेश सोनी थे। प्रतियोगिता के दौरान भारतीय बास्केटबॉल के महासचिव कुलविन्दर सिंह गिल, मप्र बास्केटबॉल संघ के महासचिव अविनाश आनन्द, कार्पोरेशन एरिया बास्केटबॉल संघ अध्यक्ष श्रेणिक कुमार बंडी और सचिव लक्ष्मीकान्त पटेल भी मौजूद थे।

एक नजर में ▶ स्वास्थ्यवर्धक गुणों के कारण लगातार बनी हुई है कीवी की मांग

# फल मंडी में न्यूजीलैंड की कीवी की भरपूर आवक शुरू

नवभारत न्यूज़

इंदौर. शहर की चोइथराम स्थित देवी अहिल्याबाई होलसेल फल मंडी में इन दिनों विदेशी फलों की आवक बढ़ गई है. खास तौर पर न्यूजीलैंड से आने वाली कीवी ने बाजार में दस्तक दे दी है, जिससे व्यापारियों और उपभोक्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है.




स्वास्थ्यवर्धक गुणों के कारण कीवी की मांग लगातार बनी हुई है और मांग के अनुरूप इसकी खेप मंगाई जा रही है. फल व्यापारी मुनव्वर शेख ने बताया कि इंदौर की फल मंडी में सामान्य तौर पर कीवी न्यूजीलैंड के अलावा अमेरिका, ग्रीस, ईरान, इराक और अफगानिस्तान से भी आती है. हालांकि वर्तमान में न्यूजीलैंड की ताजा फसल की आवक शुरू होने से बाजार में अच्छी गुणवत्ता की कीवी उपलब्ध हो रही है. उन्होंने बताया कि कीवी को स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी फल माना जाता है. इसमें विटामिन-सी, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जिसके कारण हृदय रोगियों सहित स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों में इसकी मांग अधिक रहती है. चिकित्सक भी इसे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और हृदय स्वास्थ्य के लिए उपयोगी मानते हैं. मंडी में वर्तमान में कीवी की थोक एवं खुदरा कीमत गुणवत्ता के अनुसार 150 से 200 रुपये प्रति किलोग्राम के बीच बनी हुई है. व्यापारियों का कहना है कि फिलहाल मांग के अनुरूप ही माल बुलाया जा रहा है, जिससे कीमतें स्थिर हैं.

### मांग में और वृद्धि होगी

व्यापारियों के अनुसार आने वाले दिनों में अन्य देशों से भी कीवी की नई खेप बाजार में पहुंचने लगेगी. आवक बढ़ने पर आपूर्ति में सुधार होगा और कीमतों में कुछ नरमी आने की संभावना है. फिलहाल न्यूजीलैंड की कीवी अपने स्वाद, गुणवत्ता और आकार के कारण ग्राहकों की पहली पसंद बनी हुई है. मंडी कारोबारियों का मानना है कि मौसम बदलने के साथ विदेशी फलों की मांग में और वृद्धि होगी, जिससे आने वाले सप्ताहों में कीवी सहित अन्य आयातित फलों का कारोबार भी तेज रहने की उम्मीद है.

# 15 से 30 जुलाई तक चलेगा नशे से दूरी है जरूरी 2 .0 अभियान

▶ कॉलेजों-विश्वविद्यालयों में होंगे जागरूकता कार्यक्रम

**इंदौर.** प्रदेश के शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करने के लिए 15 से 30 जुलाई तक नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान चलाया जाएगा. उच्च शिक्षा विभाग ने सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को अभियान के तहत विभिन्न जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं.

अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे की लत से दूर रहने के लिए प्रेरित करना तथा शिक्षण संस्थानों के माध्यम से नशा मुक्त समाज के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है. अभियान में विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स और स्काउट-गाइड के सदस्य भी प्रमुख भूमिका निभाएंगे. अभियान की शुरुआत 15 जुलाई को जागरूकता रैली और ड्रग अवेयरनेस रन के साथ होगी. इस दौरान स्थानीय मीडिया के माध्यम से नशा मुक्ति संबंधी संदेश प्रसारित किए जाएंगे तथा पम्पलेट वितरित कर आमजन और विद्यार्थियों को जागरूक किया जाएगा. सभी शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को नशा मुक्त जीवन की शपथ भी दिलाई जाएगी. कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ते हुए नशे के विरुद्ध रील्स और शॉर्ट फिल्म निर्माण के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा.